नई कपड़ा नीति

*198. श्री राम नरेश यादव :
श्री राम जेठमलानी :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कपड़ा उद्योग को प्रोत्साहन देने तथा आम आदमी को सस्ता कपड़ा उपलब्ध कराने की दृष्टि से सरकार द्वारा जून, 1985 में एक नई कपड़ा नीति की घोषणा की गई थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि 1985 के बाद रुग्ण कपड़ा एककों की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ग) यदि हां, तो 1985–86 में रुग्ण कपड़ा एककों की संख्या कितनी थी और 1987–88 में यह संख्या कितनी हो गयी ; और

(घ) 1985–86 में "जनता कपड़ा" का विक्रय मूल्य क्या था और यह 1987–88 के वर्ष में कितना था ?

वस्त्र मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) (क) जून, 1985 की वस्त्रनीति का मुख्य उद्देश्य यह है कि बढ़ती हुई आबादी की कपड़ा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समुचित कीमतों पर स्वीकार्य क्वालिटी के कपड़े का उत्पादन बढ़ाया जाए तथा आबादी के गरीब तबके के लिए खरीद सकने योग्य कीमतों पर कपड़े की उपलब्धता को बढ़ाया जाए ।

(ख) और (ग) रुग्ण मिलों के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है । बंद कपड़ा मिलों की संख्या 31 मार्च 1986 तक 72 थी जो 31 मार्च, 1988 को बढ़कर 133 हो गयी है ।

(घ) वर्ष 1985–86 तथा 1987–88 में जनता कपड़े की औसत बिक्री कीमतें नीचे दी गई हैं :—

मद	जनता कपड़े की औसत बिक्री कीमतें (रु० प्रति वर्गमीटर)	
	1985–86	1987–88
साड़ी	4.40	5.35
धोती	3.75	3.95
लट्ठे का कपड़ा	6.00	6.75

Income Tax and Central Excise Duty outstanding against M/s. Godfrey Philips (India) Limited

*199. SHRI MOHINDER SINGH LATHER: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether show cause notices have been issued by the Income-tax and Central Excise authorities to M/s. Godfrey Phillips (India) Limited and also to its Directors, employees and distributors at the end of 1985/86 on the basis of the search and seizure operations carried out on M/s Godfrey Phillips (India) Limited on all India basis; and

(b) if so, what are the details thereof stating the present position with regard to the outstanding demand and recoveries effected from the Company so far?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF REVENUE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI AJIT PANJA): (a) and (b) A statement giving the details of show cause notices issued to M/s. Godfrey Phillips (India) Limited and their associates for excise duty evasion is laid on the Table of the Sabha. (See below). All these cases are under adjudication.

Income-tax assessment for 1984-85, 1985-86 and 1986-87 has not yet been finalised. The question of recovery of outstanding duty/tax will arise only on the completion of adjudication/assessments.